तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 31 मार्च 2026

4

कल से शुरू होगा राजस्व पखवाड़ा ग्रामीणों को मिलेगा मौके पर समाधान





## खबर संक्षेप



### महिला पतंजलि योग समिति ने मनाया सन्यास दिवस

**तमनार।** महिला पतंजलि योग समिति तमनार द्वारा रामनवमी के उपलक्ष में यज्ञ हवन करके बड़े ही हर्षोल्लास के साथ स्वामी रामदेव जी महाराज की संन्यास दिवस को मनाया गया। 27 मार्च को महिला पतंजलि योग समिति तमनार द्वारा जिला प्रभारी सह राज्य सोशल मीडिया प्रभारी श्रीमती गीतांजलि पटनायक के नेतृत्व में गायत्री मंदिर परिसर तमनार में योगाभ्यास करवाया गया। जिसमें महिला पतंजलि योग समिति की सभी सदस्य महिलाएं उपस्थित थी योगाभ्यास पश्चात यज्ञ हवन भी कराया गया जिसमें समाज एवं देश के कल्याण हेतु गायत्री मंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र की आहुति दिया गया। रामनवमी के शुभ अवसर पर पूज्य गुरुदेव के आह्वान पर संन्यास दिवस के कार्यक्रम भी रखे गए जिसमें सन्यासियों की पूजन अर्चन से महिला पतंजलि योग समिति तमनार ने आशीर्वाद प्राप्त किया। सुबह से शुरू हुए इस कार्यक्रम का समापन सायं 6 बजे हुआ। उक्त कार्यक्रम में दमयंती गजरे, पुष्पा पटनायक, गंगा पटनायक, पकाला ठाकुर आशा गड़रिया, चेतन ठाकुर, अद्विक साहू, जंबूवती जायसवाल, अंजना चौहान, सपना यादव, उर्मिला तंबोली उपस्थित थे।

### रायपुर-कोरबा समेत कई मेमू ट्रेनें रहेंगी रद्द

**जांजगीर-चांपा।** रेल मंडल रायपुर से बिलासपुर, कोरबा और रायगढ़ की ओर रोजाना सफर करने वाले हजारों यात्रियों के लिए आने वाले दिन कष्टकारी हो सकते हैं। हावड़ा-मुंबई मुख्य रेल मार्ग पर स्थित अकलतरा स्टेशन में चौथी लाइन कनेक्टिविटी और यार्ड रिमाडलिंग का काम शुरू होने जा रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा लिए गए इस ट्रैफिक ब्लॉक के कारण 11 अप्रैल तक रायपुर से छूटने वाली और रायपुर आने वाली कई महत्वपूर्ण मेमू व पैसेंजर ट्रेनें रद्द रहेंगी। रेलवे प्रशासन के इस निर्णय का सबसे बड़ा असर उन नौकरी पेशा और व्यापारियों पर पड़ेगा जो रायपुर से कोरबा और गेवरा रोड के बीच प्रतिदिन सफर करते हैं। रायपुर-कोरबा और रायपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर 11 अप्रैल तक पूरी तरह रद्द कर दी गई हैं। इसके अलावा बिलासपुर-रायगढ़ और बिलासपुर-कोरबा के बीच चलने वाली मेमू ट्रेनों के पहिये भी 11 दिनों तक थमे रहेंगे। बड़ी संख्या में रद्द हो रही ट्रेनों को देखते हुए रेलवे ने रायपुर और कोरबा के बीच चलने वाली हसदेव एक्सप्रेस को लेकर विशेष व्यवस्था की है। गाड़ी संख्या 18250/18249 और 18252/18251 कोरबा-रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस को 31 मार्च से 11 अप्रैल तक कोरबा और बिलासपुर के बीच पैसेंजर ट्रेन की तरह चलाया जाएगा। इससे रास्ते के छोटे स्टेशनों के यात्रियों को आवागमन में कुछ सहूलियत मिल सकेगी।

### कृषि योजनाओं का लाभ पाने पंजीयन अनिवार्य

**सक्ती।** किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ लेने के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराना अब अनिवार्य कर दिया गया है। जिला प्रशासन और कृषि विभाग ने यह निर्णय योजनाओं का लाभ सही और पात्र किसानों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाने के उद्देश्य से लिया है। शासन द्वारा खाद की बिक्री में पारदर्शिता लाने और विभागीय योजनाओं की सब्सिडी का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचाने के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल के अंतर्गत किसानों को शत-प्रतिशत "फार्मर आईडी" बनवाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके तहत विभागीय योजनाओं का लाभ केवल जमीन के मालिक या उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति को फार्मर आईडी होने पर ही मिलेगा। वर्तमान में जिले में अब तक लगभग 21147 सक्रिय किसानों का फार्मर आईडी बनाया जाना शेष है।

## नगर निगम में 22 करोड़ 24 लाख 21 हजार फायदे का बजट पेश

# यूजर चार्ज को लेकर महापौर और नेता प्रतिपक्ष भिड़े, जमकर हुई बहस

**सभापति के हस्तक्षेप के बाद शांत हुआ माहौल, काफी देर तक होती रही गरमा-गरम चर्चा**







हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भारी गहमा-गहमी के बीच सोमवार को नगर निगम में 22 करोड़ 24 लाख 21 हजार फायदे का बजट पारित हो गया। इस दौरान यूजर चार्ज को लेकर महापौर जीवर्धन चौहान और नेता प्रतिपक्ष सलीम नियारिया के बीच जमकर बहसा-बहसी हो गई। नौबत यहां तक आ गई कि एक दूसरे को उंगली दिखा-दिखाकर बहस करने लगे। आखिरकार सभापति को हस्तक्षेप करना पड़ा, तब जाकर माहौल शांत हुआ। विपक्ष ने यूजर चार्ज खत्म करने की मांग की।

इस दौरान तनाव का माहौल भी निर्मित हो गया था। तनाव कम करने वरिष्ठ पार्षद शरद हरि सराफ को पहल करनी पड़ी। उन्होंने बजट पर सुझाव के नाम बीच में ही खड़े होकर हंसते हुए नेता प्रतिपक्ष पर तंज भी कसा। कुल मिलाकर गरमा-गरम बहस के बीच महापौर द्वारा पेश किए गए 92 करोड़ 74 लाख का बजट पारित हो गया। इस बार भी फायदे का बजट पेश होने पर कई तरह के सवाल खड़े भी हो गया। सत्ता पक्ष के पार्षदों ने ही इस पर सवाल उठा दिया। नगर निगम में सोमवार को शहर सरकार ने अपने कार्यकाल का दूसरा बजट पेश हुआ। महापौर जीवर्धन चौहान द्वारा बजट अभिभाषण में पूरे आय-व्यय का लेखा जोखा पेश किया। उन्होंने बीते बजट के 80 फीसदी कामों को होने का दावा किया। साथ ही कहा कि 20 प्रतिशत जो काम बाकी है उसे पूरा किया जा रहा है। इस दौरान शहर में नागरिक सुविधाओं को लेकर किए जा रहे कामों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 480 करोड़ 36 लाख आय और 458 करोड़ 11 लाख 79 हजार व्यय का बजट पेश किया गया है। ऐसे में इस साल भी बीते साल की तरह 22 करोड़ 24 लाख 21 हजार फायदे का बजट पारित किया गया।

### 20-20, 50-50 हजार के लिए भटकना पड़ रहा

फायदे का बजट को लेकर वरिष्ठ पार्षद शरद हरि सराफ ने सवाल खड़े कर दिया। उन्होंने कहा कि एक तरफ नगरनिगम 22 करोड़ फायदे का बजट पेश कर रहा है। वहीं दूसरी ओर पार्षदों को 20-20, 50-50 हजार के लिए भटकना पड़ रहा है। उन्होंने संजय मार्केट में की गई निगम की कार्रवाई और इतवारी बाजार बंद को लेकर भी सवाल खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा कि दूर-दूर से एक दिन व्यवसाय करने आते हैं उनको दुत्कार कर भगाया गया।उनको ओवर ब्रिज के नीचे बैठना पड़ा, इससे शहर में ट्रेफिक जाम की स्थिति निर्मित हो गई। इसके लिए न तो उनको पहले से सूचना दी गई और न ही बैठने दिया गया। इससे उनको काफी परेशानी हुई। उनकी पीड़ा देखकर हमें काफी पीड़ा हुई, इसलिए यह बातें कह रहे हैं। शरद सराफ ने अन्य कई मुद्दो को लेकर सत्तापक्ष को ही कटघरे में खड़ा कर दिया।

### गिनती के पार्षद ही बोले बाकी रहे खामोश

सोमवार को नगरनिगम में आयोजित बजट बैठक के दौरान एक अजीब स्थिति देखने को मिली। यहां करीब 45 पार्षद बैठे थे, लेकिन अधिकांश खामोश रहे। केवल नेता प्रतिपक्ष सलीम नियारिया, राजू टोप्पो, अमृत काटजू और एक अन्य महिला पार्षद ने विपक्ष की ओर से बोला। वहीं सत्तापक्ष के पार्षदों में भी 99 फीसदी लोग खामोश ही रहे। किसी ने न तो सवाल उठाया और न ही कोई सुझाव दिया। वरिष्ठ पार्षद आशीष ताम्रकार और शरद हरि सराफ ने ही सवाल किया और कई मुद्दे उठाए। आशीष ताम्रकार जब सवाल कर रहे थे तो पूरा सदन गरम हो गया था। क्योंकि उनके सवालों का जवाब कोई दे नहीं पा रहा था। बाकी पार्षद तो तमाशा ही देख रहे थे। ऐसे में बाहर इसकी खुब चर्चा हो रही थी और कहा जा रहा था कि पार्षदों को बजट समझ ही नहीं आती है। इसके कारण किसी ने न तो सुझाव दिया और न ही कोई सवाल उठाया।

### ऐसे किया गया बजट पेश (लाख में)

| | |
|---|---|
| राजस्व आय | - 9274.00 |
| राजस्व व्यय | - 8549.74 |
| पूंजीगत प्राप्तियां | - 38762.00 |
| पूंजीगत व्यय | - 37262.05 |
| शुद्ध अधिशेष | - 2224.21 |

### नेता प्रतिपक्ष ने उठाए सवाल

नेता प्रतिपक्ष सलीम नियारिया ने पूरे बजट को लेकर सवाल उठाया। मल्टीलेबल पार्किंग, ट्रेफिक, इतवारी बाजर समेत ऐसे दर्जनों मुद्दों को लेकर सवाल उठाया और कहा कि इन समस्याओं का समाधान के लिए बजट में कोई प्रावधान ही नहीं है।शहर के प्राचीनतम तालाबों में गणेश और जयसिंह तालाब के जीर्णोद्धार का मुद्दा उठाया। अन्य निर्माण कार्यो को लेकर भी कई तरह के सवाल दागे। हालांकि महापौर जीवर्धन चौहान ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। विकास को लेकर किसी तरह की समझौता नहीं करने की बात कही। काफी देर तक दोनों के बीच गरमा गरम बहस चलता रहा। नेता प्रतिपक्ष ने चुनावी घोषणा पत्र को लेकर भी सवाल उठाया, कहा कि जो वादे किए थे वह पूरा तो हुआ नहीं, याने झूठ बोलकर शहरवासियों का वोट लिया गया। खास बात यह है कि संजय मार्केट के लिए कोई बजट प्रावधान ही नहीं किया गया है। बीते दो तीन सालों से लगातार बजट में प्रावधान किया जा रहा था, लेकिन इस साल गायब है।

### पार्षदों को कर दिया गया है लाचार

इस सबके बीच वरिष्ठ पार्षद आशीष ताम्रकार ने अपने ही सरकार को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया। उन्होंने तालाब सौंदर्यीकरण को लेकर कहा कि 70 तालाबों की सूची जो तैयार की गई है उसमें प्राथमिकता कैसे तय की जाएगी। इसके लिए तकनीकी अधिकारी को घेरे में लेते हुए जानकारी देने की बात कही। तकनीकी अधिकारी ने कहा कि सामान्य सभा में प्राथमिकता तय की जाएगी तो श्री ताम्रकार ने कहा कि यहां 48 पार्षद हैं, और सभी चाहेंगे कि उनके वार्ड के तालाब का काम पहले हो। ऐसे में प्राथमिकता किस तरह से तय कर पाएंगे। इस पर कोई जवाब नहीं आया। इस्टीमेट को लेकर उन्होंने कहा कि 30-40 हजार के इस्टीमेट के लिए इंजीनियर के सामने घंटो खड़ा रहना पड़ता है। श्री ताम्रकार ने कि यहां के अधिकारियों ने पार्षदों को लाचार बना दिया है। आयुक्त श्री क्षत्रीय ने कहा कि यदि ऐसा कोई इंजीनियर करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### इन कार्यो के लिए किया गया है प्रावधान

बजट में शहर विकास के कई महत्वपूर्ण कार्य प्रस्तावित किए गए हैं, जिनमें बालसमुंद तालाब का उन्नयन एवं विकास, कोसाबाड़ी केंद्र से ऑक्सीजोन निर्माण, नगर निगम क्षेत्र में 10 सड़कों का निर्माण, डिवाइडर, नाली, फुटपाथ एवं चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण, कबीर चौक सहित प्रमुख मार्गों का उन्नयन एवं विकास, चांदनी चौक से राजा महल होते हुए सर्किट हाउस तक सड़क उन्नयन, पाइपलाइन, लाइटिंग एवं गार्डन कार्य, बड़े रामपुर में खेल मैदान का विकास, संजय मार्केट का निर्माण एवं उन्नयन, रामलीला मैदान में मंच एवं पवेलियन निर्माण, भुजबंधान तालाब का संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण, केवड़ाबाड़ी में मरीन ड्राइव नाला चैनलाइजेशन, रायगढ़ स्टेडियम में हाईमास्ट लाइट, अमलीभौना में ट्रक पार्किंग एवं सर्विस एरिया निर्माण शामिल है।

# अलग-अलग गांव के 19 साल के युवकों ने बनाया गैंग चोरी करने का बनाया प्लान और रेकी कर दिया अंजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

19 साल के युवकों ने पहले गैंग बनाया फिर चोरी का प्लान बनाकर मोबाइल दुकान में उसे अंजाम दिया। पहली चोरी में सफल होने के बाद हौसला बढ़ा और बड़ा हाथ मारने की फिराक में बैंक को टारगेट किया। इसके बाद खम्हार के ग्रामीण बैंक और पटेलपाली के पंजाब बैंक में लूट की नियत से पहुंचे, लेकिन सफल नहीं हो सके। पुलिस के लिए यह गैंग चुनौती बन गया। काफी जद्दोजहद के बाद घरघोड़ा पुलिस को पहले लीड मिली। इसके बाद सीसीटीवी फूटेज का सहारा लेकर गैंग लीडर को पहले पकड़ा। उससे जब पूछताछ की गई तो चोरियों की कड़ी जुड़ती गई। इसके बाद अलग- अलग गांवों से 5आरोपियों को पकड़ा गया, इसमें एक नाबालिग भी शामिल था। इस गैंग से दो चार पहिया वाहन, 60 मोबाइल सहित लगभग 26.47 लाख की संपत्ति बरामद की गई है।

मामले का खुलासा तब हुआ जब फरवरी माह में घरघोड़ा थाना क्षेत्र के कुडुमकेला स्थित मोबाइल दुकान में हुई बड़ी चोरी के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। इसी बीच 15-16 मार्च को धरमजयगढ़ के ग्रामीण बैंक और 16-17 मार्च की रात पटेलपाली पंजाब नेशनल बैंक में चोरी लूट के प्रयास की घटना सामने आईं। इन घटनाओं के पैटर्न को गंभीरता से लेते हुए अलर्ट जारी किया गया। विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की गई। टीआई घरघोड़ा ने घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर पतासाजी को आगे बढ़ाया। सीसीटीवी फुटेज और सूचना पर काम करते हुए घरघोड़ा पुलिस को लीड मिली। पुलिस ने संदेही मो. अरसलान निवासी पत्थलगांव को मोबाइल दुकान की चोरी में शामिल होने की जानकारी पुख्ता हुआ तो उसे रेड मार कर दबोचा गया। पूछताछ में उसने साथियों के साथ कुडूमकेला मोबाइल शॉप में चोरी के अलावा धरमजयगढ़ ग्रामीण बैंक और पटेलपाली पंजाब नेशनल बेंक में लूट चोरी का असफल प्रयास करना स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस टीम ने एक के बाद एक इस गिरोह के और 5 आरोपियों को अलग-अलग इलाके से पकड़ा है।



पकड़े गए 6 आरोपियों में एक विधि के साथ संघर्षरत बालक है। इस गिरोह का मुख्य सरगना आरोपित मो. अरसलान है जिसने अपने हम उम्र लड़कों का गिरोह तैयार कर वारदातों को अंजाम दिया। घरघोड़ा पुलिस ने आरोपियों से अलग-अलग पूछताछ करने पर बताए कि ये गैंग योजना अनुसार रायगढ़ जिला में रोड किनारे स्थित दुकानों एवं बैंको में चोरी करता है। इनका लीडर मो. अरसलान था। योजना अनुसार सभी लोग घरघोड़ा, धरमजयगढ़, रायगढ़ क्षेत्र में रैकी करना चालू किए। घरघोड़ा क्षेत्र में किसी दुकान में चोरी करने की नियत से कार क्रमांक सीजी —17 केएन -2212 से निकले। 15-16 फरवरी की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे पांचों आरोपी नाबालिग को छोड़कर कुडुमकेला के मोबाइल दुकान में चोरी किया। इसके बाद भी मोह. अरसलान, अलतमस, जॉनसन और अपचारी बालक निवासी पत्थलगांव का एक राय होकर बैंको में चोरी करने का योजना बनाए। योजनानुसार कार क्रमांक सीजी.17.केएन.2212 से 15 मार्च को रात्रि में खम्हार धरमजयगढ़ के ग्रामीण बैंक में चोरी करने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुए।, ग्रामीण बैंक के सीसीटीवी कैमरा सिस्टम को साक्ष्य छिपाने के लिए निकाल कर ले गए।

# रेप पीड़िता को जान से मारने की धमकी दो आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज



**रायगढ़।** एक युवती द्वारा महिला थाने में आवेदन देकर दुष्कर्म के आरोपी बादल सिंह राजपूत और उसके साथी अनमोल अग्रवाल पर केस वापस लेने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए महिला थाने में दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 351,3ए 232,1 एवं 3,5 के तहत अपराध दर्ज किया गया है, दोनों आरोपी फरार हैं। पीड़िता ने बताया कि उसने पूर्व में 03 फरवरी को महिला थाना में आरोपी बादल सिंह राजपूत के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उसने आरोप लगाया था कि अक्टूबर 2022 से जनवरी तक बादल सिंह राजपूत ने शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण किया तथा उसका आपत्तिजनक वीडियो भी बनाया। शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध धारा 69, 115,3ए 351,2 एवं 308,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। वर्तमान में आरोपी जमानत पर बाहर है। पीड़िता के अनुसार 18 मार्च को उसे यह कहकर बुलाया गया कि कोर्ट में उसका बयान होना है। जब वह कोर्ट पहुंची, तब कोर्ट परिसर के बाहर अनमोल अग्रवाल, बादल के पिता और कुछ अन्य लोग मौजूद थे। वहां अनमोल अग्रवाल ने उससे कहा कि बादल की जमानत हो गई है, इसलिए केस वापस ले लो और पैसे ले लो, नहीं तो तुम केस हार जाओगी। पीड़िता का आरोप है कि उसी दौरान अनमोल अग्रवाल ने उसे धमकी दी कि यदि उसने केस वापस नहीं लिया तो उसे जान से मरवा दिया जाएगा।

## 31 मार्च तक जमा कर सकते हैं टैक्स, मिल सकती है राहत

# यदि 6% ब्याज से बचना है तो आज आखिरी मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगर निगम रायगढ़ द्वारा संपत्तिकर, समेकितकर, जलकर, दुकान किराया एवं यूजर चार्ज जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। निर्धारित समय सीमा के भीतर करों का भुगतान करने पर करदाताओं को 6 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याजए सरचार्ज एवं 1000 तक की पेनाल्टी से राहत मिलेगी।

नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का लाभ उठाते हुए अपने सभी लंबित कर एवं देयकों का समय पर भुगतान सुनिश्चित करेंए जिससे अतिरिक्त आर्थिक भार से बचा जा सके। निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने कहा कि नगर निगम द्वारा करदाताओं को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से 31 मार्च तक का समय दिया गया है। इस अवधि में कर जमा करने पर अतिरिक्त ब्याज एवं पेनाल्टी से बचा जा सकता है। सभी नागरिकों से अपील है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए शीघ्र अपने बकाया करों का भुगतान करें और नगर के विकास में सहभागिता निभाएं। उन्होंने आगे कहा कि निगम प्रशासन द्वारा लगातार कर वसूली अभियान चलाया जा रहा है।



निर्धारित तिथि के बाद बकायेदारों पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिसमें कुर्की, सीलिंग एवं अन्य वैधानिक प्रक्रियाएं शामिल होंगी। नगर निगम ने सभी करदाताओं से सहयोग की अपेक्षा करते हुए समय पर भुगतान करने की अपील की है, ताकि शहर के विकास कार्यों को गति मिल सके। करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 31 मार्च तक नगर निगम कार्यालय खुले रहेंगे, जहां नागरिक संपत्तिकर, समेकित जलकर, दुकान किराया एवं यूजर चार्ज आसानी से जमा कर सकेंगे।

### फील्ड ट्रेनरों को जनगणना कार्य से कराया अवगत

**सक्ती ।** भारत सरकार, गृह मंत्रालय अंतर्गत जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) के सफल संचालन हेतु फील्ड ट्रेनरों का जिला स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 27 मार्च से 29 मार्च तक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित कर संपन्न किया गया। प्रशिक्षण में जिला सक्ती के 2 मास्टर ट्रेनरों सहायक प्राध्यापक, शासकीय क्रांतिकुमार भारतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सक्ती सोमेश कुमार घितोडे, एवं सहायक प्राध्यापक, अटल विहारी वाजेपयी महाविद्यालय नगरदा अरविंद कुमार जगदेव द्वारा 27 फील्ड ट्रेनरों व कर्मचारियों को जनगणना कार्य की प्रक्रिया, प्रपत्र संधारण, मोबाइल एप के उपयोग एवं अन्य तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी गई।

MARK OF EXCELLENCE

मार्क हॉस्पिटल में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग की नई शुरुआत

मार्क हॉस्पिटल में लीवर और पाचन तंत्र से संबंधित सभी बीमारियों का विशेषज्ञ द्वारा उपचार उपलब्ध है।



- छाती में जलन व खट्टी डकार
- उल्टी, हिचकी, खून की उल्टी
- खाना निगलने में परेशानी
- कभी भी निगली वस्तु व आहार नली की समस्या
- दूरबीन द्वारा पेट व आँत की जांच
- दस्त में खून, लंबे समय से कब्ज़
- पीलिया, हेपेटाइटिस, लिवर सिरोसिस
- पेट की टी.बी., पेट में पानी
- पैंक्रियाज़ रोग का इलाज

एंडोस्कोपी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एवं हेपेटोलॉजी से जुड़ी सभी अत्याधुनिक सेवाएं अब एक ही छत के नीचे उपलब्ध

DR. MANISH KUMAR NAYAK
MBBS, MD, DrNB,
Consultant Gastroenterologist & Hepatologist



MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)

24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486

Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com

AdPRAYAS

## खबर संक्षेप

### धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026 संविधान सम्मत नहीं है: गुप्ता



**जशपुरनगर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य, कुनकुरी नगर पंचायत अध्यक्ष विनयशील ने साय सरकार द्वारा पारित धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026 से असहमति जताते हुए कहा है की यह विधेयक संविधानसम्मत नहीं है। यह विधेयक भारतीय संविधान के तहत मिले धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार और उस पर लागू युक्तियुक्त प्रतिबंध से आगे जाकर राज्य को ऐसी शक्तियां प्रदान करता है जिससे किसी निर्दोष व्यक्ति और संस्था को प्रताड़ित किया जा सकता है। विनयशील ने कहा की इस क़ानून में आदिवासीयत को स्पष्टता से परिभाषित नहीं किया गया है। विधानसभा में हुई बहस को पढ़कर यह समझ आ रहा है की कानून की मंशा आरएसएस के एजेंडे को पूरा करने की ज़्यादा है धर्मांतरण रोकने की काम आज भारत में ऐसे क़ानून मौजूद हैं जो जबरिया धर्म परिवर्तन पर रोक लगाते है। ऐसे में साय सरकार द्वारा हड़बड़ी में लाया गया बिल भाजपा की राजनीतिक मंशा को स्पष्ट करता है।

### माता पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण हेतु समिति गठित

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ माता पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग मंत्रालय रायपुर की अधिसूचना में नीहित प्रावधान अनुसार भरण पोषण अपील अधिकारण का गठन किया जाता है। इसी तारतम्य में जशपुर जिले में भी समाज कल्याण विभाग अंतर्गत माता पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण अधिकारी नियुक्त कर भरण-पोषण समिति का गठन किया गया है। जिसमें कलेक्टर जशपुर को अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं वरिष्ठ नागरिक जशपुर बजरंग गुप्ता को सदस्य तथा समाज कल्याण विभाग के उप संचालक को समन्वयक बनाया गया है।

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। जशपुर तहसील अंतर्गत ग्राम किनकेल निवासी स्व. मंजित का आकाशीय बिजली से 22 मार्च 2025 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी श्रीमती बालमुनी बाई हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की गई जान

**अम्बिकापुर।** बसंतपुर चातरघटरा नाला के समीप अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए एक युवक की वाड्रफनगर अस्पताल में मौत हो गई जबकि दूसरे युवक ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बसंतपुर थाना अंतर्गत ग्राम मुरकौल निवासी रामरूप ओडके आ. राम सिंह (35 वर्ष) 28 मार्च को गांव के ही राजू के साथ बाइक से ससुराल ग्राम डूमर पान गया था। दोनों डूमर पान से वापस मुरकोल आ रहे थे और जैसे की बसंतपुर चातर घुटरा अजगर नाला के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां राजू की मौत हो गई। चिकित्सकों ने रामरूप की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत, तीसरा लड़ रहा जिंदगी से जंग

# दशगात्र से लौटते वक्त काल बन गई सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- रविवार रात 9:30 बजे हुआ हादसा
- पूरी रात सड़क किनारे तड़पते रहे तीनों

शोकसभा से लौट रहे तीन ग्रामीणों के लिए रविवार की रात मौत बनकर आई। टिकैतगंज क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे ने न सिर्फ एक परिवार को उजाड़ दिया, बल्कि व्यवस्था और मानवीय संवेदनाओं की भी पोल खोल दी। दशगात्र कार्यक्रम से लौटते वक्त हुई इस दुर्घटना में पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका तीसरा साथी गंभीर हालत में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है।

इस हादसे की सबसे भयावह और झकझोर देने वाली तस्वीर यह रही कि तीनों पूरी रात सड़क किनारे पड़े रहे। दो की मौत हो चुकी थी, जबकि तीसरा घायल पूरी रात मदद के इंतजार में तड़पता रहा लेकिन कोई मदद के लिए नहीं पहुंचा। मिली जानकारी के अनुसार, झारखंड के गुमला जिले के ग्राम सिबिल, थाना चैनपुर निवासी जितना मुंडा और उनके पुत्र बीरेंद्र



मुंडा, तथा ग्राम कुरमा निवासी रामदयाल मुंडा (55 वर्ष), जशपुर के ग्राम टिकैतगंज में आयोजित दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम के बाद तीनों रविवार रात करीब 9:30 बजे मोटरसाइकिल क्रमांक जेएच 07 एन 6848 से अपने घर लौट रहे थे। लेकिन उन्हें अंदाजा भी नहीं था कि यह सफर उनकी जिंदगी का आखिरी सफर साबित होगा। रास्ते में अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और जोरदार टक्कर के साथ दुर्घटनाग्रस्त हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि जितना मुंडा और उनके बेटे बीरेंद्र मुंडा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि रामदयाल मुंडा गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे पड़े रहे।

**रातभर तड़पता रहा घायल, कोई मदद नहीं:** हादसे के बाद का दृश्य और भी ज्यादा भयावह था। पूरी रात तीनों सड़क किनारे पड़े रहे—दो शव वहीं पड़े रहे और एक घायल मदद के इंतजार में तड़पता रहा। यह घटना क्षेत्र में आपातकालीन व्यवस्था, रात की पेट्रोलिंग और इंसानी संवेदनाओं पर बड़ा सवाल खड़ा करती है।

**सुबह राहगीरों ने देखा:** सोमवार सुबह राहगीरों की नजर जब सड़क किनारे पड़े लोगों पर पड़ी, तब घटना सामने आई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

**पुलिस ने शुरू की मामले की जांच:** पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार या सड़क की खराब स्थिति माना जा रहा है।

**एक ही झटके में उजड़ गया परिवार:** इस दर्दनाक हादसे ने एक परिवार की खुशियां हमेशा के लिए छीन लीं। पिता-पुत्र की एक साथ मौत से गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

## अपर कलेक्टर ने गैस एजेंसी और पेट्रोल पंप संचालकों की ली बैठक



- गैस एजेंसी संचालकों को गोदाम के बाहर और दुकान में सीसीटीवी कैमरे लगाने के दिए निर्देश

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश में अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू ने कलेक्ट्रेट मंत्रणा सभाकक्ष में जिले के सभी ऑयल कंपनियों के पम्प संचालक एवं गैस एजेंसी संचालकों की बैठक ली गई। जिसमें संचालकों द्वारा पेट्रोल, डीजल एवं गैस की किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं होना बताया गया साथ ही ऑयल कंपनियों से नियमित रूप से सप्लाई प्राप्त होने की जानकारी दी गइ। बैठक में सभी पेट्रोल डीजल संचालकों को नियमित रूप से स्टॉक की जानकारी प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही जरकीन बोतलों में पेट्रोल डीजल प्रदाय न करने के निर्देश दिए गए एवं गैस एजेंसी परिसर में सीसीटीवी कैमरा चालू हालत में रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया। सभी गैस एजेंसी संचालकों को अपने कार्यालय में टोल फ्री नंबर एवं क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षक एवं ऑयल कंपनियों के अधिकारियों के नंबर प्रदर्शित करने के साथ परिसर में सीसी टीवी कैमरा एवं गोदाम स्थल पर भी सीसी टीवी कैमरा स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया।

## भक्ति और उत्साह के साथ निकली महावीर जयंती शोभायात्रा

**जशपुरनगर।** कुनकुरी नगर में महावीर जयंती के पावन अवसर पर जैन समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। प्रातः ही समाज के महिला, पुरुष एवं बच्चों ने पारंपरिक सामाजिक वेशभूषा धारण कर अनुशासित पंक्तियों में यात्रा की शुरुआत की। शोभायात्रा जैन मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः जैन मंदिर पहुंची। पूरे मार्ग में "जियो और जीने दो" जैसे संदेशों के साथ भगवान महावीर के अमर उपदेशों की गूंज सुनाई देती रही। यात्रा के दौरान भक्ति गीतों और वाद्ययंत्रों की मधुर ध्वनि से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

इस अवसर पर जैन समाज के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष गजेंद्र जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। आकर्षक रथ में भगवान महावीर की झांकी सजाई गई, जिसमें इस वर्ष शैलेश कुमार जैन रथ पर सवार रहे। शोभायात्रा में जैन मुनियों का दल



एवं माताजी का समूह भी शामिल हुआ, जिनके सान्निध्य में कार्यक्रम को आध्यात्मिक ऊर्जा मिली। आयोजन को सफल बनाने में रतनलाल जैन, प्रकाशचंद्र जैन, मनोज जैन (कुमार स्टोर), निहालचंद जैन, अजय अज्जू जैन, निपेंद्र जैन, सुनील जैन, दिलीप जैन, प्रदीप जैन, बाबूलाल जैन, अनिल रारा,रवि जैन, अमन जैन, अंशुल रारा, ऋषभ जैन, संजय जैन, मुकेश जैन, संदीप जैन, सौरभ जैन, हेमंत जैन, विकास जैन, कौशल जैन, राहुल जैन, मेहुल जैन, दिनेश जैन, मोहित जैन सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।पूरे आयोजन में जैन समाज के युवा, महिलाएं एवं बच्चों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम ने नगर में सामाजिक एकता और धार्मिक सद्भाव का संदेश प्रसारित किया।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान की दो दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के मनोरा मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला में संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण, कार्य पद्धति, वैचारिक अधिष्ठान एवं तकनीकी माध्यमों के उपयोग पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सत्रों की अध्यक्षता प्रभाकर यादव, राजकपूर भगत, रंजीत भगत, आरती सिंह, पंकज जायसवाल, भजू नंदन नायक, बाबूलाल सिंह एवं देवधन नायक ने संयुक्त रूप से की।

वक्ता के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सिन्हा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेश नंदे, जिला भाजपा महामंत्री मुकेश शर्मा, एसटी मोर्चा अध्यक्ष श्यामलाल भगत, पूर्व जनपद अध्यक्ष गोविंद राम भगत, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शांति भगत, सोशल मीडिया प्रभारी विनोद निकुंज एवं अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष हदीश अंसारी ने अपने विचार व्यक्त किए।



### कार्यकर्ता योजनाओं की सही जानकारी जनता तक पहुंचाए

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शांति भगत ने सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि कार्यकर्ता आम जनता तक योजनाओं की सही जानकारी पहुंचाएं, जिससे पात्र हितग्राहियों को अधिकतम लाभ मिल सके।कार्यशाला का कुशल संचालन शरद चौरसिया एवं रंजीत भगत ने संयुक्त रूप से की।

### इनकी रही उपस्थिति

दो दिवसीय कार्यशाला में मण्डल प्रभारी रूपेश सोनी,विकास प्रधान,रामदास यादव ,राधेश्याम यादव, सुखनाथ जी,परिंदा गुप्ता, सिया राम ,महेश शाही ,रितु यादव, पूर्व सुषमा सिंह, अरविन्द सिंह ,चन्द्र शेखर स्वर्णकार, मुन्ना सिंह, आरती सिंह, भुनेश्वर नायक, नमन जैन, आशिक अंसारी, नरेंद्र भगत ,कांता भगत, सलमा भगत,जगपती भगत कृष्णा बुनकर , परमानंद सिंह, बासुदेव राम , सुखनाथ राम, नंदकुमार यादव देव कुमार नायक सहित बूथ कार्यकर्ता से लेकर भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई और संगठन को मजबूत बनाने हेतु उपयोगी जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

## कुनकुरी में धर्म स्वतंत्रता विधेयक 2026 के विरोध में कैथोलिक ईसाई समाज की रैली



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित धर्म स्वतंत्रता विधेयक 2026 के विरोध में सोमवार को कुनकुरी नगर में हजारों लोगों की भागीदारी के साथ विशाल महारैली निकाली गई। जशपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे ईसाई समाज के लोगों ने इस रैली में शामिल होकर कानून को वापस लेने की मांग की। रैली की शुरुआत स्थानीय खेल मैदान से हुई, जहां बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। इसके बाद प्रदर्शनकारी शहर के विभिन्न वार्डों से होते हुए नारेबाजी करते हुए अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन के नाम ज्ञापन सौंपते हुए प्रस्तावित कानून को वापस लेने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि यह विधेयक धार्मिक स्वतंत्रता को प्रभावित कर सकता है और इसे "काला कानून" बताया। उन्होंने कहा कि इससे समाज में भय और असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

## कालेज के विघार्थियों को एआई यूथ स्किल प्रोग्राम के संबंध में दी गई जानकारी

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन जशपुर द्वारा शासकीय राम भजन राय एनईएस महाविद्यालय के सभागार में ऑनलाइन "एआई यूथ स्किल प्रोग्राम"का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की तकनीकी जानकारी, उपयोगिता एवं विभिन्न क्षेत्रों में इसके बढ़ते प्रयोग से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम में वन मिलियन, वन बिलियन संस्था के विशेषज्ञों द्वारा ऑनलाइन माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सत्र के दौरान पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से एआई के शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, चिकित्सा, विज्ञान एवं परिवहन जैसे विविध क्षेत्रों में उपयोग को सरल एवं व्यावहारिक तरीके से समझाया गया। साथ ही विद्यार्थियों को भविष्य की आवश्यकताओं के



अनुरूप तकनीकी रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपने प्रश्न भी रखे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमरेन्द्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में एआई एक महत्वपूर्ण तकनीक के रूप में उभर रही है, जो दैनिक जीवन के विभिन्न कार्यों को सरल बना रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को इस अवसर का लाभ उठाकर स्वयं को कौशलयुक्त बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में टीआरआई से सुश्री दिव्या प्रियदर्शनी, महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## बैगापारा सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्सों का सुधार कर बीटी कार्य पूर्ण



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण परियोजना पत्थलगांव के अंतर्गत एल 097-एल -067 से बैगापारा तक 2.30 किलोमीटर लंबाई की सड़क का बीटी (बिटुमिनस) निर्माण कार्य कराया गया है। कार्यपालन अभियंता संतोष नाग ने बताया कि उक्त सड़क के कुछ हिस्सों में आंशिक रूप से क्षति होने की जानकारी प्राप्त होने पर विभाग द्वारा तत्परता से संज्ञान लेते हुए संबंधित ठेकेदार को आवश्यक सुधार कार्य हेतु निर्देशित किया गया था। सुधार कार्य के दौरान 14 मार्च को क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान विधायक रायमुनी भगत द्वारा भी सड़क के क्षतिग्रस्त बीटी भाग को सुधारते हुए पुनः निर्माण कराने के निर्देश दिए गए। प्राप्त निर्देशों एवं विभागीय कार्रवाई के तहत संबंधित सड़क में पुनः बीटी कार्य पूर्ण कर लिया गया है। कार्यपालन अभियंता द्वारा स्थल निरीक्षण करने पर वर्तमान में सड़क की स्थिति संतोषप्रद पाई गई है ।

## कलेक्टर ने ग्राम पंचायतों में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की

# बच्चों के डिजिटल शैक्षणिक रिकॉर्ड के लिए अपार आईडी अनिवार्य रूप से बनाएं

- पारदर्शिता के साथ समय पर खाद्य वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ग्राम पंचायतों में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य विभाग, मछली पालन विभाग, समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग श्रम विभाग, कृषि विभाग सहित एनआरएलएम एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत संचालित योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

खाद्य विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने राशन कार्ड धारकों के ई-केवाईसी कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पात्र हितग्राहियों का ई-केवाईसी समय पर सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से मिल सके। इसके साथ ही कलेक्टर ने विशेष पिछड़ी जनजाति समुदायों



के शेष पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत निर्धारित समय-सीमा में गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों को खाद्यान्न वितरण कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ समय पर करने के निर्देश दिए, ताकि हितग्राहियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा में कलेक्टर श्री व्यास ने शेष आंगनबाड़ी भवनों के साथ ही इन भवनों में शौचालयों निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया। इसके अलावा महतारी वंदन योजना के तहत बचे हुए ई-केवाईसी कार्य को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि इस योजना का लाभ लेने से कोई वंचित न हो। इसके अलावा कलेक्टर ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत सभी पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध रूप से लाभ प्रदान करने को कहा। साथ ही इस योजना का लाभ लेने सभी लाभार्थियों का ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि लाभ सीधे और पारदर्शी रूप से सही हितग्राही तक पहुंचे। कलेक्टर श्री व्यास ने आंगनवाड़ी केंद्रों में नामांकित सभी बच्चों की आपार आईडी अनिवार्य रूप से बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे प्रत्येक बच्चे का डिजिटल शैक्षणिक रिकॉर्ड स्थायी रूप से सुरक्षित रहेगा, जिससे भविष्य में उनके शैक्षणिक प्रगति का आसानी से आकलन किया जा सकेगा तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ भी उन्हें सुगमता से प्राप्त हो सकेगा। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा में पेंशन योजना के हितग्राहियों का आधार सीडिंग कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, ताकि सभी पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं के लाभ मिल सके। मत्स्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री व्यास ने शेष शासकीय तालाबों का नियमानुसार पट्टा प्रदान करने के निर्देश दिए, जिससे जरूरतमंदों को रोजगार उपलब्ध हो सके। साथ ही एनएफडीबी के अंतर्गत मछुआ पालक किसानों का पंजीयन सुनिश्चित कराने तथा उन्हें केसीसी योजना से जोड़कर लाभान्वित करने के निर्देश दिए। श्रम विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री व्यास ने प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस योजना के तहत सभी पात्र हितग्राहियों का पंजीयन करें, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति इसके लाभ से वंचित न रहे।

# नकली सोना देकर ठगी करने वाले 4 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- पीतल का बिस्किट थमा कर ठग लिए थे 2 लाख रुपए

नकली सोना देकर दो लाख से अधिक ठगी करने के मामले में पुलिस को न सिर्फ बड़ी सफलता हाथ लगी बल्कि पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले चार आरोपियों के अलावा ठगी की गई कुछ राशि को बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध ठगी का मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक झिलमिली थाना अंतर्गत ग्राम दर्रीपारा निवासी बालरूप गुप्ता थाने में 16 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि होली के 4-5 दिन पूर्व ग्राम पपराखांड सावारांवा के सोनू द्वारा बताया गया कि 2 मोबाईल नंबर से उसके मोबाइल में फोन आता है। उस व्यक्ति के पास सोना है और खरीदने के लिए बोल रहा है। सोनू ने बोला ठीक है यह सोना खरीद लेगा चलो देखवा दो। 6 मार्च को सोनू के साथ सोना लेने के लिए सेम्पल देखने



बिहारपुर नवाटोला गया था जहां 2 व्यक्ति मिले और जो सोना दिखाये उसी में से छोटा टुकडा सोना काट कर सोना का सैम्पल दिए। साथ ही दोनों व्यक्ति ने बालरूप का मोबाईल नंबर लेकर चले गए। बालरूप से और सोनू ने सोना के सैंपल को भैयाथान में सोनार के पास चेक कराया तो सोना असली था। सोना असली होने पर बातचीत करके 11 मार्च को 2 लाख 20 हजार रूपये लेकर एक व्यक्ति के साथ रेडीपहरी चौक ठाडपाथर थाना चांदनी में पहुंचा तो वहां पर वही दोनों व्यक्ति मिले जो कपड़े में लपेट कर पीतल को पीटवाकर सोने के बिस्कीट जैसा बनाकर असली सोना बता कर दिए और 2 लाख 20 हजार रुपये नगद दिया। सोना नकली होने पर बालरूप की रिपोर्ट थाना चांदनी में आरोपियों के विरूद्ध धारा 318(4), 3(5) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने धोखाधड़ी के आरोपियों की पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के मार्गदर्शन में थाना चांदनी पुलिस ने सोना खरीदने के लिए बहला-फुसला कर कमीशन लेने वाले आरोपी अर्जुन देवांगन व मोहन उर्फ सोनू को दबिश देकर पकड़ा। पूछताछ के आधार पर आरोपी राजेन्द्र यादव व किशोरी लाल यादव को भी पकड़ा गया।



# भूत बंगला की चौथी बार बदली रिलीज डेट!

**मुंबई।** हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूत बंगला की कई बार रिलीज डेट बदली गई। पहले ये मूवी 3 अप्रैल को गुड फ्राइडे के मौके पर रिलीज होनी थी। लेकिन, बाद में इसे आगे बढ़ाते हुए 15 मई कर दिया गया। मगर फिर इसमें बदलाव करते हुए नई डेट की घोषणा की गई और बताया गया कि ये अब 10 अप्रैल को बड़े पर्दे पर उतारी जाएगी। हालांकि. अब चौथी बार इसकी तारीख बदली गई, जिसका कारण धुरंधर 2 बताया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब प्रियदर्शन की फिल्म भूत बंगला' 17 अप्रैल को रिलीज होगी। पहले इसका ट्रेलर 30 मार्च को आउट होना था, लेकिन अब ये अप्रेल की शुरुआती हफ्ते में जारी किया जाएगा।

लाइफ Style

# रश्मिका

## रणबाली से लेकर कॉकटेल 2 में आएंगी नजर

शादी के बाद रश्मिका मंदाना कई बड़ी बजट की फिल्मों में नजर आने वाली हैं। इस लिस्ट में रणबाली से लेकर एनिमल पार्क और कॉकटेल 2 जैसी कई फिल्में शामिल हैं। इन फिल्मों में एक्शन, रोमांस और थ्रिलर देखने को मिलेगा।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रश्मिका मंदाना इन सभी फिल्मों के जरिए अलग-अलग तरह के किरदार निभाने वाली हैं। दर्शक इन फिल्मों की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 'मैसा' एक तेलुगु एक्शन ड्रामा फिल्म है। इसमें रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म में रश्मिका एक गोंड जनजाति की महिला का किरदार निभा रही हैं। उनका किरदार बहुत बेबाक, जोशीला, साहसी और मजबूत इच्छाशक्ति वाला है। इस फिल्म का निर्देशन रवींद्र पुल्ले कर रहे हैं। यह फिल्म गोंड जनजाति की संस्कृति और परंपराओं पर आधारित एक भावनात्मक एक्शन थ्रिलर है। 'रणबाली' एक तेलुगु फिल्म है। इसमें रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा मुख्य भूमिकाओं में हैं। विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की शादी के बाद यह उनकी पहली फिल्म साथ में होगी। 'रणबाली' की कहानी 18वीं सदी की है। यह रायलसीमा क्षेत्र के एक बहादुर स्वतंत्रता सेनानी की कहानी है, जो ब्रिटिश राज के खिलाफ लड़ता है। रश्मिका इस फिल्म में विजय की पत्नी जयम्मा का किरदार निभा रही हैं। 'पुष्पा 3: द रैम्पेज' सुपरहिट 'पुष्पा' सीरीज की तीसरी फिल्म है। रश्मिका मंदाना एक बार फिर श्रीवल्ली के रोल में वापसी करेंगी।



## हॉलीवुड मसाला



# पिंकी एंड द ब्रेन शो से हुए थे मशहूर

**लॉस एंजिल्स।** एनिमेटर और डायरेक्टर बैरी काल्डवेल ने एनिमेनियाक्स और पिंकी एंड द ब्रेन जैसे पॉपुलर शो बनाए थे। इस बेहतरीन कलाकार ने 68 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया है। बैरी काल्डवेल ने स्कूल ऑफ विजुअल आर्ट्स से ट्रेनिंग ली थी। 1980 में 'फैट अल्बर्ट एंड द कॉस्बी किड्स' जैसे शो से एनिमेशन की दुनिया में कदम रखा था। आगे चलकर उन्होंने वार्नर ब्रदर्स एनिमेशन, वॉल्ट डिज्नी टेलीविजन स्टूडियो और ड्रीमवर्क्स जैसे बड़े स्टूडियो के साथ काम किया।



# यंगर यू म्यूजिक वीडियो में बचपन की यादें कीं साझा

**लॉस एंजिल्स।** सिंगर, एक्ट्रेस माइली साइरस टीनएज में शो 'हैना मोंटाना' शो से काफी मशहूर हुईं। इस शो की 20वीं एनिवर्सरी से पहले माइली ने अपना एक म्यूजिक वीडियो लॉन्च किया है। इसमें अपने पुराने दिनों को सिंगर ने याद किया है। माइली साइरस ने इंस्टाग्राम पर अपना म्यूजिक वीडियो 'यंगर यू' शेयर किया। साथ ही फैंस के लिए कैप्शन में एक स्पेशल मैसेज लिखा है। वह लिखती हैं, 'मैं आपके साथ 'हैना मोंटाना' शो के 20 साल पूरे होने का जश्न मनाना चाहती हूं। यह गाना आपके लिए है। उस जिंदगी के लिए शुक्रिया जिसमें हम साथ-साथ बड़े हुए हैं। मैं हमेशा आपसे प्यार करती रहूंगी।' आगे वह लिखती हैं, म्यूजिक वीडियो यंगर यू सामने आ गया है।



# सबसे हॉट रोल के बारे में किया खुलासा


**मुंबई।** कृति सेनन, शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'कॉकटेल 2' 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है। वहीं हाल ही में कृति ने अभी तक के अपने सबसे हॉट किरदार के बारे में बताया। अभिनेत्री का कहना है कि उनका यह रोल दर्शकों को हैरान कर देगा। हाल ही में कृति सेनन ने बताया कि कॉकटेल 2 में उनका नया लुक दर्शकों को हैरान कर देगा। कृति ने कहा, 'मुझे लगता है कि मैं कॉकटेल 2 पहले से काफी अलग दिख रही हूं। यह शायद अब तक का मेरा सबसे हॉट किरदार है।' कृति ने फिल्म कॉकटेल 2 के डायरेक्टर होमी अदजानिया की तारीफ करते हुए कहा, होमी की सौंदर्य समझ बहुत अच्छी है और वह स्वभाव से बहुत कूल हैं। उन्होंने मेरे अंदर एक ऐसा कूल पहलू निकाला है, जिसके बारे में मुझे खुद भी नहीं पता था।



# शेयर की जन्मदिन की यादगार तस्वीर

**मुंबई।** अमीषा पटेल सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। अक्सर वे अपनी थ्रोबैक फोटो साझा करती नजर आती हैं। रविवार को उन्होंने अपने जन्मदिन की एक फोटो शेयर की है। यह वर्षों पुरानी तस्वीर है। अपना वह बर्थडे एक्ट्रेस ने सलमान खान के साथ विदेश में सेलिब्रेट किया था। रविवार को अमीषा ने यह थ्रोबैक फोटो साझा की है। इसमें सलमान खान भी नजर आ रहे हैं। यह अमीषा के एक जन्मदिन की यादगार फोटो है, जो लॉस एंजिल्स में मनाया गया था। एक्ट्रेस ने कैप्शन लिखा है, 'लॉस एंजिल्स, यूएसए में मेरे जन्मदिन के जश्न की एक पुरानी याद, जब हम अपने वर्ल्ड टूर पर थे। सलमान के साथ जन्मदिन का सबसे प्यारा केक काटना, जो हमेशा की तरह अपने सबसे प्यारे अंदाज में नजर आए। सलमान खान और अमीषा पटेल काफी अच्छे दोस्त हैं।

## टीवी मसाला



# रिलीज हुआ मटका किंग का टीजर, 17 को होगा प्रीमियर

**मुंबई।** विजय वर्मा अपनी नई सीरीज 'मटका किंग' के साथ ओटीटी पर दस्तक देने वाले हैं। सीरीज का टीजर रिलीज हो गया है। ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो ने इसकी रिलीज डेट का भी ऐलान किया है। एक मिनट तीन सेकंड के टीजर में दिखाया गया है कि विजय वर्मा एक ऐसे शख्स हैं, जो सट्टेबाज हैं। जुआ से वह मोटा पैसा कमाते हैं और ऐश की जिंदगी जीते हैं। एक सीन में विजय वर्मा मटका लिए नजर आते हैं। टीजर में गुलशन ग्रोवर की भी झलक दिखी है। टीजर जारी करते हुए प्राइम वीडियो ने इंस्टाग्राम पर लिखा है **Pot** को उल्टा लिखने पर **Top** बनता है और एक राजा की जगह वहीं होती है। मटका किंग प्राइम वीडियो पर 17 अप्रैल को रिलीज होगी। इस पोस्ट में सीरीज से जुड़े सेलेब्स को टैग किया गया है। 'मटका किंग' में विजय वर्मा, कृतिका कामरा, साई ताम्हणकर, सिद्धार्थ जाधव और अन्य कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके निर्देशक नागराज मंजुले हैं। ये सीरीज 1960 के दशक के बदलते बॉम्बे पर आधारित है। ये कहानी एक कॉटन ट्रेडर के इर्द-गिर्द घूमती है। वह 'मटका' नाम का एक नया जुआ सिस्टम शुरू करता है। वह अमीरों के इस शौक को पूरे देश में फैला देता है।'मटका किंग' के को-प्रोड्यूसर सिद्धार्थ रॉय कपूर ने बताया, 'हमें इस सीरीज की ओर जिस चीज ने सबसे ज्यादा खींचा, वो था इसका बड़े स्तर पर बनाया गया अनोखा वर्ल्ड। इसमें एक ऐसे इंसान की कहानी है, जो तेजी से बदलते समाज में अपनी महत्वाकांक्षा, पहचान और सम्मान के लिए संघर्ष करता है।'

## रजत दलाल ने गुपचुप रचाई शादी

**नई दिल्ली।** बिग बॉस और द 50' जैसे रियलिटी शो में रह चुके रजत दलाल शादी के बंधन में बंध गए हैं। शादी की तस्वीरें खुद रजत ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। रजत को सेलेब्स और फैंस भी शादी की शुभकामनाएं दे रहे हैं। रजत दलाल ने अपनी पत्नी के साथ कई खूबसूरत फोटोज को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इन शादी की तस्वीरों में दोनों बहुत खुश नजर आ रहे हैं। एक फोटो में रजत अपनी पत्नी का हाथ थामे हुए हैं, तो वहीं दूसरी तस्वीर में दोनों एक-दूसरे की आंखों में देखते हुए नजर आ रहे हैं। एक तस्वीरें उनकी जयमाला की रस्म की लग रही है। रजत ने अपनी इन शादी की तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'जीवन के एक नए पहलू की शुरुआत।'



# अनुराग की फिल्म की लीक हुई तस्वीरें साथ नजर आए कार्तिक-श्रीलीला


**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन और साउथ अभिनेत्री श्रीलीला एक रोमांटिक फिल्म में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु कर रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग इन दिनों कश्मीर में हो रही है। सोशल मीडिया पर इस फिल्म के सेट की कुछ तस्वीरें लीक हो रही है, जो फैंस का दिल जीत रही हैं। सोशल मीडिया पर अनुराग बसु की नई फिल्म की कुछ तस्वीरें इंटरनेट पर लीक हो गई हैं। इन तस्वीरों को कार्तिक और श्रीलीला को एक साथ देखकर उनके फैंस बहुत खुश और उत्साहित हो गए हैं। तस्वीरों में कार्तिक आर्यन, श्रीलीला और डायरेक्टर अनुराग बसु शूटिंग के दौरान बात करते दिख रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग इन दिनों कश्मीर की वादियों में हो रही है। एक तस्वीर में श्रीलीला नीले टॉप और फटी जींस के साथ लाल हिजाब पहने नजर आ रही हैं। वहीं कार्तिक आर्यन उनके पास खड़े नजर आ रहे हैं।



यह फिल्म पहले कई बार टल चुकी है, लेकिन अब लीक हुई तस्वीरों से लग रहा है कि शूटिंग फिर से पटरी पर आ गई है। फिल्म का बड़ा हिस्सा कश्मीर में शूट किया जा रहा है। तस्वीरों में कार्तिक घनी दाढ़ी और लंबे बालों के साथ दिख रहे हैं। यह पहली बार है जब कार्तिक आर्यन और श्रीलीला साथ में स्क्रीन शेयर करेंगे। फिल्म का आधिकारिक नाम और रिलीज डेट अभी तक गुप्त रखा गया है। कार्तिक आर्यन अनुराग बसु की फिल्म के अलावा करण जौहर की फिल्म 'नागजिला' में भी नजर आएंगे। इसके अलावा कार्तिक 'भूल भुलैया' फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म और 'कैप्टन इंडिया' में नजर आएंगे। वहीं श्रीलीला इन दिनों पवन कल्याण की फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' में नजर आ रही हैं।

# दीया पर फिल्म फ्लॉप होने के कारण लगा था पनौती का ठप्पा, राजकुमार हिरानी की 'संजू' ने बदली किस्मत

*__नई दिल्ली।__ दीया मिर्जा की फिल्म 'रहना है तेरे दिल में' आज भी लोगों की पसंदीदा मूवी है। लेकिन, वह बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई थी और इस कारण एक्ट्रेस को काम नहीं मिलता था। उन्होंने एक लेटेस्ट इंटरव्यू में बताया कि कैसे उन्हें 'पनौती' कह दिया गया था और उसके बाद उन्हें काम नही मिल रहा था। लेकिन, जब उन्होंने राजकुमार हिरानी की 'संजू' में काम किया तो उनके कॅरियर में एक अहम मोड़ आया था। दीया मिर्जा ने बातचीत में खुलासा किया कि उन्हें पनौती का टैग दिया गया था। लेकिन, संजू ने उनकी लाइफ बदल दी थी। एक्ट्रेस ने बताया, 'मुझे ऐसा लगता है कि मैंने अपने बारे में लोगों के मन बनी सोच को बदल दिया और अपनी एक अलग पहचान बनाई। जब मैंने काम करना शुरू किया था तब मेरी तुलना ऐश्वर्या राय से की जाती थी। मुझे याद है कि मुझे एक अच्छा मौका मिलने वाला था लेकिन उसमें बाधा पैदा हो गई थी। मेरी एक तथाकथित बड़ी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई थी और इसके कारण काम नहीं मिला। क्योंकि जो लोग मुझे काम देने के लिए लाइन लगाए रहते थे। वो लोग ही आपको अचानक से पनौती और बदकिस्मत समझने लगे थे। तो मैं इन सब चीजों से गुजरी हूं।' जब मैंने काम करना शुरू किया था तब मेरी तुलना ऐश्वर्या राय से की जाती थी। मुझे याद है कि मुझे एक अच्छा मौका मिलने वाला था लेकिन उसमें बाधा पैदा हो गई थी। मेरी एक तथाकथित बड़ी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई थी और इसके कारण काम नहीं मिला। जो लोग मुझे काम देने के लिए लाइन लगाए रहते थे। वो लोग ही आपको अचानक से पनौती और बदकिस्मत समझने लगे थे। तो मैं इन सब चीजों से गुजरी हूं।एक्ट्रेस ने आगे बताया, 'मेरी हमेशा से ही इच्छा थी कि कुछ और करूं। और ऐसा संजू के बाद ही हुआ। मुझे याद है कि मैंने राजकुमार हिरानी को कॉल किया था, जब वह फिल्म की कास्टिंग कर रहे थे। मैंने उनसे साथ पहले भी लगे रहो मुन्ना भाई में काम किया था। तो मैंने उनसे कहा कि प्लीज, मुझे काम दीजिए। मेरे पास कोई काम नहीं है और मैं नए काम की तलाश में हूं। कोई मुझे काम नहीं दे रहा है। आप ये मूवी कर रहे हैं और मैं वादा करती हूं कि मैं स्क्रीन टेस्ट दूंगी। जहां भी आप चाहें लेकिन आप मुझे काम दीजिए। और उन्होंने कहा कि मुझे रणबीर और टीम के बाकी लोगों से बात करने दो, फिर बताता हूं।*



## 'नजर से दूर, दिल से दूर' कहावत को किया गलत साबित

# गुमनामी के अंधेरे से निकलकर इन सितारों ने फिर से लिखी अपनी तकदीर


*__नई दिल्ली।__ बॉलीवुड में वापसी करना आसान है, लेकिन अपनी खोई हुई 'किंगडम' वापस पाना नामुमकिन लगता है। हालांकि शाहरुख खान, सनी देओल और बॉबी देओल जैसे स्टार्स ने हाल के सालों में नामुमकिन को मुमकिन कर दिखाया है। जब ये स्टार्स सालों के 'वनवास' के बाद स्क्रीन पर लौटे तो उन्होंने बॉक्स ऑफिस के सारे पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए। यह रिपोर्ट उन सुपरस्टार्स की कहानी बताती है, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, सब्र और प्रोजेक्ट्स के सही चुनाव से यह साबित कर दिया कि एक सच्चा स्टार कभी फीका नहीं पड़ता, वे बस सही समय का इंतजार करते हैं। बॉलीवुड की ग्लैमरस दुनिया में 'नजर से दूर, दिल से दूर' का उसूल चलता है। जो दिखता है, वही बिकता है। लेकिन, पिछले कुछ सालों में हिंदी सिनेमा के कुछ हीरो ने वापसी की है और इस कहावत को गलत साबित किया है।*

**शाहरुख** : 2018 की फिल्म 'जीरो' की नाकामी के बाद, शाहरुख खान ने ब्रेक लिया जिससे उनके फैन्स परेशान हो गए. 'किंग खान' चार साल तक बड़े पर्दे से गायब रहे, जिससे लोगों ने कहा कि खान्स का जमाना खत्म हो गया है। 2023 में शाहरुख 'पठान' के साथ लौटे. इसके बाद, 'जवान' और 'डंकी' के साथ, उन्होंने एक ही साल में बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया और दुनिया को साबित कर दिया कि 'बादशाह' सिर्फ एक है। इसे बॉलीवुड हिस्ट्री का सबसे बड़ा और सबसे सफल कमबैक माना जाता है।

**सनी** : सनी देओल 90 के दशक के सबसे बड़े एक्शन स्टार थे, लेकिन 2000 के बाद उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर वैसा करिश्मा नहीं कर पाईं. उन्हें लगभग दो दशकों तक एक बड़ी सोलो हिट के लिए संघर्ष करना पड़ा। जब 22 साल बाद 2003 में 'गदर 2' रिलीज हुई, तो सनी देओल ने वही 90 के दशक का वाइब फिर से बनाया। तारा सिंह के उनके किरदार ने उन्हें एक मास सुपरस्टार के रूप में फिर से स्थापित कर दिया। 65 साल की उम्र में इतनी शोहरत हासिल करना किसी चमत्कार से कम नहीं था।




**फरदीन** : फरदीन खान आखिरी बार 2010 में 'दूल्हा मिल गया' में दिखे थे। उसके बाद वह पूरी तरह से लाइमलाइट से गायब हो गए। उनका वजन बढ़ना और पर्सनल प्रॉब्लम चर्चा का विषय थीं। 2024 में फरदीन ने 14 साल बाद संजय लीला भंसाली की सीरीज 'हीरामंडी' से कमबैक किया। इसके तुरंत बाद, वह 'खेल खेल में' में दिखे। उनके लुक्स और एक्टिंग की तारीफ हुई और अब वह फिर से बड़े प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बन रहे हैं।




**संजय** : संजय दत्त का कॅरियर पिछले कुछ सालों में उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। उनकी कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं कर पाईं और हेल्थ प्रॉब्लम्स ने भी उन्हें कुछ समय के लिए स्क्रीन से दूर रखा। 2022 की फिल्म 'केजीएफः चैप्टर 2' में अधीरा के रोल ने संजय दत्त को खलनायक और अग्निपथ के दौरान मिली ऊंचाइयों पर वापस ला दिया। सालों बाद संजय दत्त ने विलेन के तौर पर ऐसा दबदबा बनाया कि पूरा देश उनका फैन बन गया। उनकी फिल्म 'लियो' (2023), जिसमें थलापति विजय उनके को-स्टार थे, ने भी बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी, जिससे साबित हुआ कि 'संजू बाबा' का चार्म अभी भी कायम है।

**बॉबी** : बॉबी देओल का करियर एक समय खत्म माना जा रहा था। उन्होंने खुद कई इंटरव्यू में माना कि वह सालों तक काम के लिए तरसते रहे और डिप्रेशन में चले गए। उन्होंने 'आश्रम' से अपनी **OTT** जर्नी शुरू की, लेकिन उनका असली राज 2023 की फिल्म 'एनिमल' से आया। सालों के इंतजार के बाद, अबरार के रोल में उनके छोटे से रोल ने उन्हें रातोंरात नेशनल क्रश और लॉर्ड बॉबी बना दिया. आज उनके पास विलेन और लीड रोल, दोनों तरह के कई रोल हैं।

**सुष्मिता** : मिस यूनिवर्स और बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने बीमारी और पर्सनल वजहों से एक्टिंग से 10 साल का ब्रेक लिया था। 2020 में उन्होंने वेब सीरीज 'आर्या' के साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कदम रखा। उनके कमबैक ने न सिर्फ उन्हें बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड दिलाया, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि एक मजबूत एक्ट्रेस के लिए उम्र और जेंडर कोई मायने नहीं रखते। इस सेकंड इनिंग्स में सुष्मिता ने पहले से भी ज्यादा इज्जत और स्टारडम हासिल किया।

## खबर संक्षेप

### आंबा सहायिका पद के लिए आवेदन 15 तक

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना पुसौर जिला रायगढ़ अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द आमापाली डिपापारा ग्राम पंचायत आमापाली में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त एक पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। इच्छुक आवेदिका 15 अप्रैल तक आवेदन जमा कर सकते है।

### अग्निवीर भर्ती को लेकर युवाओं में उत्साह


**रायगढ़।** जिले के युवाओं को भारतीय थल सेना में सेवा का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आज शासकीय महाविद्यालय तमनार में थलसेना अग्निवीर भर्ती के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को भर्ती प्रक्रिया, पात्रता, चयन पद्धति एवं भविष्य की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने युवाओं को सेना में करियर बनाने हेतु प्रेरित करते हुए बताया कि अग्निवीर योजना न केवल रोजगार का अवसर है, बल्कि अनुशासन, कौशल और राष्ट्र सेवा का गौरव भी प्रदान करती है। विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम में रुचि लेते हुए विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया। इसी क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घरघोड़ा में भी थलसेना अग्निवीर भर्ती पंजीयन के संबंध में पंपलेट का वितरण कर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को भर्ती प्रक्रिया की जानकारी देकर अधिक से अधिक युवाओं को इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया।

### ग्रामीणों ने की सड़क निर्माण की मांग

**रायगढ़।** जनदर्शन में जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं, शिकायतें एवं मांगें लेकर पहुंचे। इस दौरान जनदर्शन में ग्राम रेगड़ा के ग्रामीणों ने वार्ड क्रमांक 2 एवं 3 में सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि निर्माण के लिए राशि स्वीकृत हो चुकी है, इसके बावजूद कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, जिससे आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जांच कर शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार तहसील पुसौर अंतर्गत ग्राम सुकुलभठली के एक ग्रामीण ने मुख्य मार्ग पर अवैध निर्माण को रोकने की मांग की। उन्होंने बताया कि यह मार्ग पुसौर से सुकुलभठली होते हुए रायगढ़ जिला मुख्यालय को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। कलेक्टर ने संबंधित विभाग को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा अधूरे सड़क निर्माण को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। ग्राम कसडोल के कल्याण साहू ने ऋण पुस्तिका में ऑनलाइन नाम दर्ज कराने एवं डिजिटल हस्ताक्षर की प्रक्रिया पूर्ण कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। वहीं ग्राम बनसिया के रघुवर चौधरी ने भूमि अभिलेख में त्रुटि सुधार हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि फौती दर्ज होने एवं मुआवजा प्राप्त होने के बावजूद वर्तमान में रिकॉर्ड में भूमि समलाती खाते में प्रदर्शित हो रही है। इस पर राजस्व अधिकारियों को जांच कर आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनदर्शन में राशन कार्ड निर्माण, दिव्यांग पेंशन स्वीकृति, आर्थिक सहायता सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित अनेक आवेदन प्राप्त हुए। संबंधित अधिकारियों को पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

## निधन...

### डिग्रीलाल पंडा



**पुसौर।** ग्राम बड़े हल्दी निवासी डिग्रीलाल पंडा का निधन लगभग 85 वर्ष की आयु में हो गया। वे शाहासे स्कूल पुसौर में अंग्रेजी के व्याख्याता रहकर सेवा निवृत्त हुए थे। इनके 3 पुत्र एवं 1 पुत्री है जिसमें से राजेश पंडा स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत हैं वहीं इनके दो अन्य पुत्र पुरोहिती कर्मकांड में क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण स्थान बना रखा है।

राजस्व पखवाड़ा के तहत गांव गांव राजस्व शिविर

# कल से शुरू होगा राजस्व पखवाड़ा ग्रामीणों को मिलेगा मौके पर समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के तहत गांव.गांव में राजस्व शिविर आयोजित कर किसानों एवं ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। राजस्व पखवाड़ा तीन चरणों में आयोजित होगा। प्रथम चरण 01 अप्रैल से 15 अप्रैल, द्वितीय चरण 04 मई से 18 मई तथा तृतीय चरण 01 जून से 15 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा।

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय.सीमा की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिविरों का आयोजन सुव्यवस्थित एवं परिणाममुखी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्व अमला गांव स्तर पर पहुंचकर लंबित प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करें। अभियान के तहत अविवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, नक्शा बटांकन, व्यपवर्तन इत्यादि से संबंधित समय सीमा से बाहर प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। साथ ही फौती नामांतरण, बंटवारा एवं अभिलेख त्रुटि सुधार के प्रकरणों का ऑनलाइन पंजीयन, नोटिस जारी कर सुनवाई एवं निराकरण भी शिविर स्थल पर ही किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि शिविरों में आने वाले किसानों और ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कोटवारों एवं अन्य माध्यमों से व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए, ताकि अधिकाधिक हितग्राही इसका लाभ उठा सकें। बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत, निर्माणाधीन एवं प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली, पेयजल एवं शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने लैलूंगा वन परिक्षेत्र अंतर्गत हाथी प्रभावित गांवों में हाईमास्ट लाइट की व्यवस्था, औद्योगिक इकाइयों में श्रमिकों की सुरक्षा, सतत निरीक्षण एवं निगरानी एवं भूमि अधिग्रहण एवं मुआवजा प्रकरणों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में पंजीयन, जनगणना की तैयारी, जल जीवन मिशन, सड़क निर्माण, समग्र शिक्षा एवं आयुष्मान कार्ड जैसे महत्वपूर्ण विषयों की भी समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान पीएम गति शक्ति योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मास्टर प्लान निर्माण एवं जिला स्तरीय अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण सत्र का भी आयोजन किया गया। रायपुर से अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया।



बैठक लेते कलेक्टर।



# गेंहू की फसल में लगी आग घंटों धू-धूकर जलता रहा खेत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

■ 10-15 एकड़ फसल जलकर खाक, किसानों ने की मुआवजे की मांग

ग्राम मौहाढोहा में उस समय हड़कंप मच गया जब किसानों की खड़ी फसल में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और करीब 10 से 15 एकड़ क्षेत्र में लगी गेहूं एवं सरसों की फसल जलकर पूरी तरह खाक हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गए लेकिन तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलती चली गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए नगरपालिका की दमकल वाहन मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। वहीं, सूचना मिलते ही कृषि विभाग के अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार किसानों को भारी आर्थिक क्षति हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द मुआवजा प्रदान किया जाए। आग लगने के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल पाया है जिसकी जांच की जा रही है। इस घटना से क्षेत्र के किसानों में चिंता और आक्रोश का माहौल है।

# बीते 6 महीने में 14 राशन दुकानों से 15 लाख का राशन पार, मामला दर्ज

**पुसौर।** प्रायः प्रत्येक ग्राम पंचायत में संचालित शासकीय राशन दुकानों में प्रति माह चावल, शक्कर एवं अन्य सामग्रियों का भंडारण होता है और उसे समय सीमा में वितरित की जाती रही है। पिछले छः माह में पुसौर के 6 और रायगढ़ के 8 शासकीय राशन दुकानों से लगभग 15 लाख के राशन चोरी हो जाने की खबर प्रकाश में आया है जिसमें संबंधित राशन दुकान संचालकों ने अपने अपने क्षेत्र के थाना में चोरी की सूचना दी है। इसके बाद भी लगातार चोरी का सिलसिला थम नहीं रहा है। जिससे दुकान संचालकों की चिन्ता बढ़ गई है और इसके लिए जिला प्रशासन को ज्ञापन भी सौंप चुके हैं जिसमें यह तथ्य है कि यदि चोरी का मामला इसी तरह जारी रहा तो ये वितरण कार्य बंद करेंगे।

जानकारी के मुताबिक पुसौर क्षेत्र के औरदा, तडोला, चिखली, कंवरिहा तथा 2 अन्य पंचायत के राशन दुकानों में चोरी हुए है इसी तरह रायगढ़ क्षेत्र के कुलबा, नावापारा, नवरंगपुर, औराभाठा, कांटाहरदी, धनांगर, गेरवानी सहित एक पंचायत के राशन दुकानों से राशन चोरी हुआ है। इन राशन केन्द्रों में से औराभाठा 2 बार चोरी हो चुकी है। ज्ञात हो कि राशन दुकानों का संचालन कार्य प्रायः महिला समूहों तथा सहकारिता समूहो को दी गई है। ताकि वे इस कार्य में हुए कमाई से आत्मनिर्भर रह सके लेकिन लगातार हो रहे चोरियों की वजह से अब इनकी नीव हिल चुकी है चूंकि चोरी गए सामग्रीयों की भरपाई इन्ही से किए जाने की बात कही जाती है। सूत्रों की माने तो चोरी गई चावल शक्कर आदि किसी उठाईगिरी चोरों के द्वारा नहीं हो सकता चूंकि कुछ घंटों के अंतराल में दर्जनों क्विंटल की चोरी बगैर चार पहिया वाहन और सामान उठाने के एक्सपर्ट के बगैर नहीं हो सकता। औरदा में 5 क्विंटल शक्कर, तडोला में 68 क्विंटल चावल और 12 बोरा शक्कर, कवरिहा 55 कट्टा चावल और 20 क्विंटल शक्कर, चिखली 21 बोरा चावल, बोदा 30 कट्टा चावल और 7 क्विंटल शक्कर इसी तरह रायगढ़ क्षेत्र के भी राशन दुकानों का हैं। चोरी गए सभी राशन दुकानों का संबंधित थानों में विधिवत एफ आई आर नहीं हुआ है कुछ दुकानों का केवल सूचना प्रस्तुत है। बिते रविवार को बोंदा स्थित राशन दुकान सहित अन्य दुकानों का जायजा पुसौर टीआई मोहन भारद्वाज के मार्गदर्शन में सहायक निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक एवं अन्य स्टाफ ने मौके में जाकर लिया और उसकी विधिवत तस्दीक करते हुए एफआईआर दर्ज कराया है।



### वृद्धपेंशन धारियों को 3 महीने से नहीं मिला पेंशन

**कटेली।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के वृद्धा, विधवा एवं अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन धारियों को पिछले 3- 4 महीनों से पेंशन राशि नहीं मिल पाई है। जानकारी के अनुसार नवंबर दिसंबर 2025 के बाद से अब तक पेंशन का भुगतान नहीं हुआ है, जिससे हजारों हितग्राही गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। पेंशन पर निर्भर बुजुर्गों और जरूरतमंदों के सामने रोजमर्रा के खर्च, इलाज और दवाई तक की व्यवस्था करना मुश्किल हो गया है। ऐसे हालात में शासन प्रशासन की चुप्पी और लापरवाही पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के जिला महामंत्री गोपाल बाघे ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब से डबल इंजन की सरकार बनी है तब से प्रदेश में समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आम जनता विशेषकर गरीब और बुजुर्ग वर्ग, अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रदेश में हर वर्ग के लोग अपनी समस्याओं को लेकर सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं।

# महिला शक्ति का उत्सव जागरूकता सहभागिता और सशक्तिकरण का प्रेरक

**धरमजयगढ़।** धरमजयगढ़ के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रांगण में 28 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में डाइट धरमजयगढ़, शासकीय महाविद्यालय धरमजयगढ़, आईटीआई धरमजयगढ़ एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन धरमजयगढ़ के संयुक्त तत्त्वावधान में एक प्रभावशाली एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश दिया गया।

इस आयोजन में कुल 218 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें संस्थान के प्राचार्य, शिक्षक, बाल विकास परियोजना अधिकारी, बिहान के प्रखंड प्रबंधक, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, मितानिन, आजीविका विभाग के प्रतिनिधि, स्वास्थ्य कर्मी, सरपंच, देखभालकर्ता, महाविद्यालय एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के छात्र-छात्राएं, युवा, सामुदायिक संसाधन व्यक्ति, पंचायत साथी, पशुसेवक तथा फाउंडेशन के सदस्य शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्व सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं द्वारा देने से पाने विषय पर आधारित आकर्षक स्वागत नृत्य से हुई, जिसने पूरे माहौल को ऊर्जा और उत्साह से भर दिया। इसके बाद वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए महिलाओं की समाज में भूमिका, उनके अधिकारों और उनकी क्षमताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। शिशिर ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की, वहीं संस्थान के प्राचार्य, बिहान के प्रखंड प्रबंधक, बाल विकास परियोजना अधिकारी, सरपंच, लईका घर की देखभालकर्ता और सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों ने अपने अनुभवों के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण पर प्रेरणादायक विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान युवाओं एवं महाविद्यालयीन छात्रों द्वारा तैयार किए गए पोस्टरों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें महिला अधिकार, समानता, भेदभाव, शोषण, आजीविका, स्वास्थ्य और बाल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही विभिन्न रोचक एवं सहभागितापूर्ण खेलों का आयोजन किया गया, जिनके माध्यम से प्रतिभागियों को समय प्रबंधन, सटीकता, धैर्य, संतुलन और संवाद के महत्व जैसे जीवनोपयोगी संदेश दिए गए। इन गतिविधियों ने प्रतिभागियों में उत्साह, सहभागिता और सामूहिक कार्य की भावना को और अधिक मजबूत किया।



## राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत विशेष सप्ताह का आयोजन

**रायगढ़।** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में 23 से 30 मार्च 2026 तक वंदे मातरम विशेष सप्ताह का व्यापक एवं गरिमामय आयोजन किया गया। सप्ताहभर चले इस अभियान में स्वतंत्रता संग्राम के अमर वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वंदे मातरम की ऐतिहासिक विरासत और राष्ट्रीय महत्व को जन जन तक पहुंचाया गया। जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने वंदे मातरम विशेष सप्ताह के आयोजन की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयोजित कार्यक्रमों के फोटो एवं वीडियो संबंधित पोर्टल पर अपलोड किया जाए, ताकि इस राष्ट्रीय अभियान का सशक्त एवं स्थायी दस्तावेज तैयार किया जा सके। इस दौरान वंदे मातरम पर आधारित प्रेरक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक स्वर में श्वंदे मातरमश का सामूहिक गायन किया, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति के स्वर से गूंज उठा।

# जिला पंचायत अध्यक्ष का तीन ब्लाकों में दौरा

**सरसीवा।** जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय के द्वारा इस समय मनरेगा में चल रहे निर्माण कार्यों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है साथ ही कार्यों का औचित्य के भी जानकारी ली जा रही है।

इस विषय में बीते दो तीन दिनों से जिला पंचायत अध्यक्ष पांडेय के द्वारा सारंगढ़ विधानासभ के जिले के तीनों ब्लाकों में दौरा किया जा रहा है। जिसमें मनरेगा के अंतर्गत चल रहे मजदूरी मूलक एवं निर्माण कार्यों की जानकारी कार्य स्थल में पहुंचकर जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा तकनीकी सहायक एस डी ओ पी ओ से पूरी जानकारी लेकर निरीक्षण किया जा रहा है साथ ही 'चवए च्व द्वारा जारी किए गए कार्यों की सूची का स्थल निरीक्षण कर उन कार्यों का औचित्य भी जानने का प्रयास किया जा रहा है और निर्माण कार्य जिन स्थलों पर किया जा रहा है क्या वहां पर वह उचित है किसी भी कार्य के लिए स्थल चयन महत्वपूर्ण होता है इस संबंध में पंडरीपानी, बछौरडी, नवापारा, रेडा कलमी बोइरडीह, साल्हे, पेंड्रावन में महतारी सदन, नर्सरी, बालक छात्रावास, बालिका छात्रावास, नल जल योजना सभी कार्यों का निरीक्षण कर सभी की समीक्षा जिला पंचायत सामान्य प्रशासन समिति में की जानी है।



## रोडोपाली मंडल में प्रशिक्षण महाअभियान

**तमनार।** भारतीय जनता पार्टी रोडोपाली द्वारा सांगठनिक सुदृढ़ीकरण हेतु आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 का विधिवत शुभारंभ 29 मार्च रविवार को भारतीय जनता पार्टी मण्डल रोडोपाली के मिलुपारा में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के ध्वजारोहण के साथ हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथियों द्वारा भारत माता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण किया गया। वंदे मातरम एवं राजगीत के सामूहिक गान के साथ प्रशिक्षण सत्र की औपचारिक शुरुआत की गई। प्रथम दिवस के प्रशिक्षण सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में रत्थु गुप्ता, गोकुल यादव एवं विनायक पटनायक उपस्थित रहे।



# मेडिकल कॉलेज में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार

■ स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग को मिला 20 बिस्तरों का नया वार्ड
■ सुव्यवस्थित व्यवस्था के साथ मरीजों को मिलेगा बेहतर उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ स्थित स्व लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के लिए 20 बिस्तरों वाले नए अतिरिक्त वार्ड का शुभारंभ किया गया। इस विस्तार से विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं को बड़ी राहत मिलेगी। नए वार्ड के शुभारंभ से रायगढ़ और आसपास के क्षेत्रों से आने वाली गर्भवती महिलाओं को अब बेहतर और समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। यह पहल न केवल अस्पताल की क्षमता को बढ़ाएगीए बल्कि मातृ मृत्यु दर को कम करने और सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा देने में भी सहायक साबित होगी। अधिष्ठाता डॉ. संतोष कुमार ने बताया कि स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में पहले 60 बिस्तरों की व्यवस्था थी, लेकिन कई बार मरीजों की संख्या 90 से 100 तक पहुंच जाती थी। ऐसी स्थिति में मरीजों को समुचित सुविधा और आराम देने में कठिनाई होती थी। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभाव से 20 बिस्तरों का नया वार्ड शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि नए वार्ड में बेहतर साफ सफाई, आवश्यक उपकरणों और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष डॉ.टीके साहू ने कहा कि नए वार्ड के शुरू होने से अब मरीजों को अधिक सुव्यवस्थित और आरामदायक वातावरण में उपचार मिल सकेगा। इस अवसर पर डॉ. सविता अहिरवाल, डॉ. राघवेन्द्र महिलांगे, डॉ. नरेश पटेल सहित विभाग के सभी चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।



# वेदोक्त मंत्रों से ब्राम्हण समाज का पूरा हुआ व्रतोपनयन संस्कार

**पुसौर।** रामनवमीं के पावन अवसर पर उत्कल ब्राह्मण समाज सेवा विकास समिति तहसील पुसौर के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पुसौर में सामूहिक व्रतोपनयन संस्कार का आयोजन हुआ। इसमें विधि विधान से 13 ब्राह्मण बटुकों का व्रतोपनयन संस्कार किया गया।

इस अवसर पर बाल बटुकों को आशीर्वाद देने पूर्व मंत्री एवं खरसिया विधायक उमेश नंदकुमार पटेल, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, लैलूंगा की पूर्व विधायक सुनीति सत्यानंद राठिया, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्राही, नगर पंचायत पुसौर अध्यक्ष मानी मोहित सतपथी सहित अनेक जनप्रतिनिधि शामिल हुए। सभी जनप्रतिनिधियों ने आयोजन की सराहना करते हुए इस पहल को समाज के कमजोर व मध्यमवर्गीय वर्ग परिवार के लिए वरदान बताया। उत्कल ब्राम्हण समाज सेवा विकास समिति पिछले पंद्रह सालों से पुसौर में सामूहिक व्रतोपनयन संस्कार का आयोजन कर रही है। मुख्य आचार्य पंडित गुणनिधि सतपथी के सानिध्य में ब्राम्हण समाज के हर वर्ग के लोगों का सहयोग मिल रहा है जिससे व्रतोपनयन संस्कार का यह अनुष्ठान पूरे विधि विधान के साथ संपन्न होता रहा है।



